भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 6333
दिनांक 02 अप्रैल, 2026

एनसीआर में तेल विपणन कंपनियों को भूमि आवंटन

†6333. श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषादः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हरियाणा में पेट्रोल पंपों/सीएनजी स्टेशनों के विकास के लिए हुडा, अब एचएसवीपी, द्वारा तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) को वर्ष 2010 से आवंटित भूमि का वर्ष-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2010 से हरियाणा में तेल विपणन कंपनियों द्वारा विकसित और आरंभ की गई पेट्रोल पंप डीलरशिपों की संख्या का आवेदक-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है तथा आवंटन की तारीख और वर्तमान प्रचालन स्थिति क्या है;

(ग) वर्ष 2010-2014 के दौरान हरियाणा/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में खुदरा बिक्री केन्द्रों की डीलरशिप के लिए कितने आशय पत्र (एलओआई) जारी किए गए और तदनंतर चयन के बाद रद्द कर दिए गए तथा आवेदकों का ब्यौरा और रद्द किए जाने के कारण क्या हैं;

(घ) मंत्रालय की संचित निधि योजना के अंतर्गत विगत पंद्रह वर्षों के दौरान हरियाणा में पेट्रोल पंप आवंटन प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों की वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ङ) वर्तमान में दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संचित निधि योजना के अंतर्गत कितने आवेदक पेट्रोल पंप डीलरशिप आवंटन की प्रतीक्षा कर रहे हैं और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(च) दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कितने केरोसिन डीलरों को तेल विपणन कंपनियों द्वारा पेट्रोल/सीएनजी के खुदरा बिक्री केन्द्र आवंटित किए गए हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) हरियाणा में पेट्रोल पंपों/सीएनजी स्टेशनों के विकास के लिए हुडा, अब एचएसवीपी, द्वारा वर्ष 2010 से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियों (ओएमसी) को आवंटित भूमि का वर्ष/स्थल-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी ने वर्ष 2010 (फरवरी, 2026 तक) से हरियाणा में 2558 पेट्रोल पंप कमीशन किए हैं जिसमें से 58 पेट्रोल पंप प्रचालन में नहीं है। श्रेणी-वार विवरण निम्नानुसार है-

श्रेणी	कमीशन किए गए पेट्रोल पंपों की संख्या	गैर प्रचालन पेट्रोल पंपों की संख्या
सामान्य	1755	34
अनुसूचित जाति	410	14
ओबीसी	302	6
सामान्य सीसी-1	43	1
सामान्य-पीएच	30	2
विशेष श्रेणी-सरकारी	12	1
सामान्य सीसी-2	3	0
अनुसूचित जाति सीसी-1	2	0
ओबीसी-पीएच	1	0
कुल	2558	58

स्रोत - बीपीसीएल

(ग) सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी ने वर्ष 2010-2014 के दौरान हरियाणा/एनसीआर में खुदरा बिक्री केन्द्र डीलरशिपों के लिए 88 आशय पत्र जारी किए जिसे बाद में एलओआई धारक द्वारा इच्छुक नहीं होने, एलओआई की शर्तों का गैर-अनुपालन, भूमि सम्बन्धी मामले, एनओसी/सांविधिक अनुमोदनों को अस्वीकृत करने, स्थापित शिकायतों आदि के कारण निरस्त कर दिया गया।

(घ) पिछले पन्द्रह वर्षों के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी द्वारा हरियाणा में कॉर्पस फंड स्कीम उम्मीदवारों सहित एससी/एसटी उम्मीदवारों को आवंटित (कमीशन किए हुए) पेट्रोल पंपों का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है-

वर्ष	आवंटित आरओ की संख्या (कमीशन किए हुए)
2010-11	49
2011-12	89
2012-13	69
2013-14	45
2014-15	19
2015-16	25
2016-17	57
2017-18	54
2018-19	34

2019-20	40
2020-21	121
2021-22	106
2022-23	48
2023-24	55
2024-25	104
2025-26 (फरवरी, 2026 तक)	102

(ङ) सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी ने सूचित किया है कि कार्पस फंड स्कीम के अंतर्गत वर्तमान में दिल्ली/एनसीआर में भूमि की अनुपलब्धता, लंबित एनओसी, न्यायालयी मामले, लंबित पुनर्संरचना/पुनर्स्थानीकरण आदि के कारण 573 आवेदक (एलओआई धारक), पेट्रोल पंप डीलरशिप के आवंटन कमिशनिंग की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

(च) सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी ने दिल्ली/एनसीआर में मिट्टी तेल डीलरों को पेट्रोल/सीएनजी बिक्री केन्द्रों का आवंटन नहीं किया है।

*****

ो

अनुलग्नक

'एनसीआर में तेल विपणन कंपनियों को भूमि आवंटन' के संबंध में श्री लक्ष्मीकांत पप्पू निषाद, सांसद द्वारा पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 6333 के दिनाँक 02.04.2026 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

हरियाणा में पेट्रोल पंप/सीएनजी स्टेशन बनाने के लिए 2010 से एचयूडीए, जो अब एचएसबीपी है, द्वारा आवंटित भूमि का ओएमसी/वर्ष-वार ब्यौरा

क्रम सं	ओएम सी	खुदरा बिक्री केंद्र का नाम	स्थान	ज़िला	राज्य	भूमि आवंटन का वर्ष
1	आईओ सीएल	मोटर ईंधन	सेक्टर-44/47, फरीदाबाद	फरीदाबाद	हरियाणा	2012-13
2	आईओ सीएल	फ्यूल नेशन	गुड़गांव शहर	गुडगाँव	हरियाणा	2012-13
3	आईओ सीएल	ए स्क्वायर व्हील्स और फ्यूल्स	सेक्टर 39, गुड़गांव शहर	गुडगाँव	हरियाणा	2013-14
4	आईओ सीएल	गुड़गांव फ्यूल्स	सेक्टर 44, गुड़गांव शहर	गुडगाँव	हरियाणा	2013-14
5	आईओ सीएल	मेसर्स खंडेलवाल ऑयल कंपनी	सेक्टर 1, गुड़गांव शहर	गुडगाँव	हरियाणा	2014-15
6	आईओ सीएल	मेसर्स बीएस फ्यूल्स	सेक्टर 47, गुड़गांव शहर	गुडगाँव	हरियाणा	2014-15
7	आईओ सीएल	पेट्रो फ्यूल्स	सेक्टर 15, गुड़गांव शहर	गुडगाँव	हरियाणा	2014-15
8	आईओ सीएल	सिटी फ्यूल्स	सेक्टर 16, गुड़गांव शहर	गुडगाँव	हरियाणा	2014-15
9	आईओ सीएल	मेसर्स शहीद मनोहर लाल फिलिंग स्टेशन	सेक्टर 49, गुड़गांव शहर	गुडगाँव	हरियाणा	2015-16
10	आईओ सीएल	शहीद रामफल सिंह जून पेट्रो फ्यूल	सेक्टर-12, बहादुरगढ़	झज्जर	हरियाणा	2017-18
11	बीपी सीएल	याज फिलिंग स्टेशन	सेक्टर 53, गुड़गांव	गुडगाँव	हरियाणा	2015-16
12	बीपी सीएल	आरओ कमीशन नहीं हुआ*	सेक्टर 26ए ,गुड़गांव	गुडगाँव	हरियाणा	2015-16
13	बीपी सीएल	नवीन फ्यूल्स	सेक्टर 9, फरीदाबाद	फरीदाबाद	हरियाणा	2016-17

14	बीपीसीएल	सप्रू कार केयर सेंटर	सेक्टर 47, गुड़गांव	गुडगाँव	हरियाणा	2018-19
15	एचपीसीएल	दुर्गा फिलिंग स्टेशन	न्यू बाईपास सेक्टर - 10, बहादुरगढ़ शहर	झज्जर	हरियाणा	2012-13
16	एचपीसीएल	हिंदुस्तान फ्यूल्स	सेक्टर-48, गुड़गांव सिटी सेक्टर रोड	गुडगाँव	हरियाणा	2013-14
17	एचपीसीएल	ओम शांति फिलिंग स्टेशन	सेक्टर-8, हुडा , सोनीपत	सोनीपत	हरियाणा	2013-14
18	एचपीसीएल	श्री रामकृष्ण फिलिंग स्टेशन	सेक्टर -77 फरीदाबाद	फरीदाबाद	हरियाणा	2015-16
19	एचपीसीएल	ओम फिलिंग स्टेशन	सेक्टर-7, हुडा , पानीपत	पानीपत	हरियाणा	2017-18
20	एचपीसीएल	पेट्रो इंडिया फिलिंग स्टेशन	सेक्टर-20, हुडा	पंचकुला	हरियाणा	2017-18
21	एचपीसीएल	एडहॉक ए डी फिलिंग स्टेशन	सेक्टर-4, हुडा	कुरुक्षेत्र	हरियाणा	2017-18

स्रोत -सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी

* भूमि आवंटित की गई लेकिन आरओ कमीशन नहीं नहीं किया गया। एनओसी प्रतीक्षित है (कोर्ट केस चल रहा है)।